## किसान सम्मेलन स्थगित, तैयारियों पर फिरा पानी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 7 फरवरी को खंडवा में आयोजित होने वाला किसान सम्मेलन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शजीतू पटवारी के शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन दिल्ली में आयोजित एक बैठक के कारण उनका खंडवा दौरा रद्द हो गया। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से कार्यकर्ताओं द्वारा जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आयोजन के लिए प्रशासनिक अनुमति, विशाल टेंट, मंच, ध्वनि व्यवस्था और वाहनों की बुकिंग पूरी कर ली गई थी। सम्मेलन में लगभग 50 हजार किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जुटने का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां भी सौंप दी गई थीं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद जीतू पटवारी का यह पहला खंडवा दौरा तय हुआ था, जिसे लेकर जिलेभर के किसानों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह था। सम्मेलन में किसानों की समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य, खाद-बीज, बिजली-पानी और कर्ज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी थी। अचानक कार्यक्रम स्थगित होने से कार्यकर्ताओं में निराशा है।

## स्टार्टअप इंडिया' कार्यशाला 7 फरवरी को

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप इंडिया कार्यशाला का आयोजन खंडवा के किशोर कुमार सभागृह में 7 फरवरी को आयोजित होगा। अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एग्रो एमएसएमई के संबंध में आयोजित यह कार्यशाला प्रात: 9:30 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यशाला में पुणे के विशेषज्ञ डॉक्टर भूषण और डॉक्टर तृप्ति सिंह प्याज उत्पादन की नई तकनीकों के बारे में विस्तार से बताएंगे। इसके अलावा अरनव मिश्रा मध्यप्रदेश की उद्योग संवर्धन नीति तथा स्टार्टअप नीति के बारे में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में शुभम सरवर, चंदन वेधवानी, समीर मिस्त्री, अमित बरेठा, निशांत बांसोड़, ऋषभ शर्मा, हेमंत झा, पुष्पा कुशवाह एवं प्रतीक शर्मा भी संबोधित करेंगे।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक आज

नवभारत न्यूज

**खण्डवा** । जल जीवन मिशन के तहत खण्डवा जिले में स्वीकृत नल जल योजनाओं की पुनरीक्षित स्वीकृति तथा कुछ नई योजनाओं की स्वीकृति के उद्देश्य से जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक 5 फरवरी को आयोजित की गई है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग वर्षा शिवपुरे ने बताया कि जिला जल एवं स्वच्छता समिति की यह बैठक दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई है।

## खंडवा डायोसिसन सोशल सर्विसेस द्वारा विश्व कैंसर दिवस पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** खंडवा डायोसिसन सोशल सर्विसेस द्वारा विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिले के लक्षित गांवों में व्यापक स्तर पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ये कार्यक्रम स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत भवनों, छात्रावासों एवं अन्य सामुदायिक स्थलों पर आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य समुदाय में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय पर रोकथाम के उपायों की जानकारी देना रहा। केडीएसएस के निदेशक फादर रॉबिनसन ने बताया कि आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 1600 से अधिक लोगों ने सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणजनों को विश्व कैंसर दिवस के महत्व, कैंसर के प्रारंभिक लक्षण, कारण, बचाव एवं समय पर उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में विशेष रूप से तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले कैंसर के खतरों पर प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें स्वयं नशा न करने तथा परिवार और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, एचपीवी एवं हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण तथा कैंसर पीड़ितों और उनके परिवार की उचित देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में केडीएसएस टीम, समुदाय आधारित संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा।

# इंदौर-इच्छापुर हाईवे : मोरटक्का के नए ब्रिज के लिए बढ़ा इंतजार

### तकनीकी पेंच के चलते अब मार्च में शुरू होने की उम्मीद

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नर्मदा नदी पर बन रहे मोरटक्का के नए सिक्स-लेन ब्रिज पर सरपट दौड़ने का सपना देख रहे निमाड़ और इंदौर के राहगीरों को अभी थोड़ा और धैर्य रखना होगा। इंदौर-इच्छापुर हाईवे के इस सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के शुरू होने की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ गई है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने पहले इस ब्रिज को यातायात के लिए आंशिक रूप से 15 फरवरी तक खोलने का लक्ष्य रखा था, लेकिन तकनीकी कारणों और निर्माण कार्य में आई व्यावहारिक चुनौतियों के चलते यह डेडलाइन पूरी नहीं हो पाएगी। अब इस पुल से सुचारू आवागमन फरवरी अंत या मार्च के पहले सप्ताह तक ही संभव हो पाएगा।



**क्या कहा NHAI निदेशक ने?**

ब्रिज के उद्घाटन में हो रही देरी और नई समय सीमा को लेकर ह्र॥ह्व के निदेशक आशुतोष सोनी ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने पुष्टि की है कि पुल को पूरी तरह सुरक्षित और तकनीकी रूप से पास करने के बाद ही जनता को सौंपा जाएगा।

**जल्दबाजी नहीं, सुरक्षा पहली प्राथमिकता :** ब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, लेकिन फिनिशिंग और मजबूती से जुड़े कुछ अहम तकनीकी कार्य अभी शेष हैं। मौके पर चल रहे कार्यों की समीक्षा के बाद यह बात सामने आई है कि ब्रिज के ऊपरी हिस्से पर सीमेंटीकरण, डामरीकरण और जॉइनिंग का काम चल रहा है। कंक्रीट की सेटिंग और स्ट्रक्चर की मजबूती के लिए एक निश्चित समय देना तकनीकी रूप से अनिवार्य होता है। चूंकि यह पुल भारी यातायात और नर्मदा नदी के बहाव क्षेत्र में है, इसलिए निर्माण एजेंसी गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के साथ कोई समझौता करने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि फरवरी मध्य में शुरू होने वाला ट्रैफिक अब करीब 15-20 दिन आगे खिसक गया है।

### जिम्मेदार बोल

● ब्रिज का काम पूरी गति से चल रहा है, लेकिन तकनीकी मापदंडों का पालन करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वर्तमान में ब्रिज पर सीमेंटीकरण और फिनिशिंग से जुड़े कुछ तकनीकी कार्य प्रक्रिया में हैं, जिन्हें सेट होने में थोड़ा समय लग रहा है। हम सुरक्षा से कोई समझौता नहीं कर सकते। इस तकनीकी कार्य के पूरा होते ही ट्रैफिक शुरू किया जाएगा। पूरी संभावना है कि फरवरी अंत या मार्च के प्रथम सप्ताह से ब्रिज पर प्रॉपर आवागमन शुरू कर दिया जाएगा।'

**आशुतोष सोनी, निदेशक, NHAI**

### पुराने पुल पर बढ़ा दबाव

गौरतलब है कि अंग्रेजों के जमाने का पुराना मोरटक्का पुल जर्जर हो चुका है। भारी वाहनों के लिए यह पहले ही प्रतिबंधित है, और छोटे वाहनों का दबाव भी इस पर लगातार बना रहता है। त्योहारों और छुट्टियों के दौरान यहाँ अक्सर लंबा जाम लगता है। ऐसे में, नए सिक्स-लेन ब्रिज का मार्च में शुरू होना न केवल खंडवा और इंदौर के बीच की दूरी को समय के लिहाज से कम करेगा, बल्कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच व्यापारिक कनेक्टिविटी को भी एक नई रफ़्तार देगा। फिलहाल, राहगीरों की नजरें अब मार्च के पहले सप्ताह पर टिकी हैं।




## कैंसर रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण, जागरूकता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय खंडवा में कैंसर रोगियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैंसर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. विशाल श्रीवास्तव ने मरीजों व उपस्थितजनों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला को स्तन या बगल में गांठ, स्तन के आकार में बदलाव या त्वचा में परिवर्तन दिखाई दे, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। 45 वर्ष की आयु के बाद डॉक्टर की सलाह अनुसार नियमित मैमोग्राफी कराने से कैंसर का समय रहते पता लगाया जा सकता है, जिससे इलाज की सफलता की संभावना बढ़ जाती है।

शिविर में कुल 196 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें ओरल कैंसर के 8, ब्रेस्ट कैंसर के 28 और सर्वाइकल कैंसर के 3 सहित कुल 39 मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं उपचार दिया गया। नर्सिंग ऑफिसर नमिता डेविड एवं रिंकी मुजाल्दे ने सभी की ब्लड प्रेशर और शुगर जांच कर दवाइयां वितरित कीं। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा रंगोली के माध्यम से कैंसर से बचाव का संदेश दिया गया।

## रोटरी क्लब ने कराया 150 बच्चों का दंत परीक्षण

नवभारत न्यूज





**खंडवा।** रोटरी क्लब ऑफ खंडवा द्वारा दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय मोहनलाल वर्मा शाला में हुआ। दंत चिकित्सक डॉ. दिनेश गुर्जर ने 150 से अधिक बच्चों के दांतों की जांच की साथ ही क्लब द्वारा टूथब्रश, पेस्ट और दवाईयां बच्चों को वितरीत की गई। मीडिया प्रभारी आशीष जायसवाल ने बताया रोटरी क्लब के शिविर में खंडवा के सुपर विधायक मुकेश तनवे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने का मंत्र दिया। स्कूली बच्चों के अग्रह पर नन्हा मुन्ना रही हूं गाना गाकर भी उनका उत्साहवर्धन किया। जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने दंत परीक्षण के लिए रोटरी की सरहाना करते हुए बच्चों को पढ़ाई करने की सीख दी। रोटरी अध्यक्ष सतनामसिंह होरा ने बच्चों से जनरल नॉलेज के बारे में पूछा जिनका जवाब बच्चों ने बढ़-चढ़कर दिया। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के असिस्टेंट गवर्नर रो.अभिषेक गुप्ता ,सचिव मनोज कुमार वर्मा, कोशाध्यक्ष रोहित मेहता, परियोजना संयोजक रवींद्र जौहरी, , पूर्व अध्यक्ष अनिल बाहेती, प्रफुल्ल मंडलोई, अनुराग राठौड़, भूपेश पचौरी, अमित मिश्रा, श्याम दलाल, प्राचार्य दीपक कुमार राठौर, बुलबुल यादव, बीआरसी बीएल वास्केल उपस्थित थे।

## बुजुर्ग 27 फरवरी को अयोध्या यात्रा पर जाएंगे, 13 तक जमा होंगे आवेदन

**नवभारत न्यूज ,खंडवा।** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत खंडवा जिले के वरिष्ठ नागरिक अब भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या के दर्शन कर सकेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन 27 फरवरी को रवाना होगी और 2 मार्च को वापस आएगी। इस यात्रा के लिए जिले के इच्छुक पात्र वृद्धजन 6 फरवरी से 13 फरवरी के बीच अपने निवास क्षेत्र से संबंधित नगरीय निकाय या जनपद पंचायत कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आवेदन जमा कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए, जबकि महिलाओं के मामले में आयु सीमा में दो वर्ष की छूट रहेगी। यह भी आवश्यक है कि आवेदक आयकर दाता न हो और उसने पूर्व में इस योजना के अंतर्गत किसी भी तीर्थ स्थान की यात्रा न की हो। यात्रा के लिए आवेदक को शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णत: स्वस्थ होना चाहिए। इसके लिए उन्हें आवेदन पत्र पर शासकीय चिकित्सक से इस बात का प्रमाणीकरण लिखवाना होगा कि वे किसी संक्रामक रोग, टी.बी., हृदय रोग या श्वास संबंधी बीमारी से ग्रसित नहीं हैं। आवेदन पत्र जमा करते समय समग्र सदस्य आईडी, आधार कार्ड और वोटर कार्ड की छायाप्रति के साथ मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि यदि आवेदक द्वारा असत्य जानकारी दी जाती है या तथ्य छुपाए जाते हैं, तो उन्हें किसी भी समय योजना के लाभों से वंचित किया जा सकेगा।

# प्रतिबंधित क्षेत्र में बेखौफ दौड़ रहे भारी वाहन, जाम से हलकान आमजन

**नवभारत न्यूज ,खंडवा।** शहर के प्रतिबंधित मार्गों पर भारी वाहनों की आवाजाही थमने का नाम नहीं ले रही है। जलेबी चौक से बजरंग चौक होते हुए बड़े ब्रिज की ओर लगातार भारी वाहन गुजर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। नियमों को ताक पर रखकर चल रहे ये वाहन न सिर्फ यातायात व्यवस्था को चौपट कर रहे हैं, बल्कि आमजन की परेशानी भी लगातार बढ़ा रहे हैं। सुबह से शाम तक जलेबी चौक और बजरंग चौक पर हालात यह हैं कि दोपहिया और पैदल चलने वालों को भी निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीजों को ले जा रही एंबुलेंस तक जाम में फंसने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रतिबंध के बावजूद भारी वाहनों पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे वाहन चालक बेखौफ होकर नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद यातायात पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं। नागरिकों ने मांग की है कि प्रतिबंधित मार्गों पर तत्काल सख्त निगरानी और कार्रवाई की जाए, ताकि शहरवासियों को इस रोजाना के जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके।



# बिना कठिन तपस्या करे परमात्मा प्राप्ति : पं . शर्मा



नवभारत न्यूज

**खिरकिया।** खिरकिया नगर के वार्ड क्रमांक 10 में तमखाने परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति देखी जा रही है। कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक पंडित गीता प्रसाद शर्मा ने बिना कठिन तपस्या के भगवान को पाने का सबसे सरल मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि कलियुग में व्यस्त जीवनशैली के कारण लोगों के मन में यह प्रश्न रहता है कि परमात्मा की प्राप्ति कैसे हो, तो उसका उत्तर अत्यंत सरल है—नाम स्मरण, भजन और सत्संग। पं. शर्मा ने कहा कि 84 लाख योनियों में भटकने के बाद ईश्वर की कृपा से मनुष्य जीवन प्राप्त होता है, लेकिन मनुष्य इसे सांसारिक इच्छाओं और मोह-माया में गंवा देता है। उन्होंने चेताया कि जिन वस्तुओं में हम सुख खोजते हैं, वही अंतत: दुख और पछतावा देती हैं। उनका भजन सब उमर बीत गई धोखे में, परिणाम न जाने क्या होगा श्रोताओं को भाव-विभोर कर गया। उन्होंने कहा कि जीवन का मूल उद्देश्य मोक्ष और परमात्मा से मिलन है। राम, कृष्ण और हरि का सुमिरन ही सभी चिंताओं का हरण कर सच्चा आनंद देता है। कथा स्थल पर श्रद्धालु आध्यात्मिक रस में डूबे नजर आए।

# संकल्प को सिद्धि तक ले जाएगा यह बजट : डॉ . कुंवर विजय शाह

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किया गया यह बजट किसी एक वर्ग का नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के उत्थान का रोडमैप है।

मंत्री डॉ. शाह ने बजट को मुख्य रूप से गरीब, युवा और नारी शक्ति के कल्याण पर केंद्रित बताए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि लखपति दीदी योजना का लक्ष्य बढ़ाकर 3 करोड़ करना और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा देना मातृशक्ति के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसके साथ ही, मध्यम वर्ग के लिए नई आवास योजना और रूफटॉप सोलर योजना के तहत 1 करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने का निर्णय आम आदमी को सीधा लाभ पहुँचाएगा। उन्होंने अधोसंरचना विकास पर बात करते हुए बताया कि रेलवे में तीन नए इकोनॉमिक कॉरिडोर और 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को वंदे भारत मानकों में बदलने से यात्रा सुगम होगी। जनजातीय कार्य मंत्री होने के नाते उन्होंने 'पीएम जनमन योजना' और एकलव्य स्कूलों के विस्तार को आदिवासी अंचलों के लिए वरदान बताया। मंत्री ने राजकोषीय घाटे को कम करते हुए पूंजीगत व्यय में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि करना भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह बजट 140 करोड़ देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

### वरिष्ठ नेताओं की रही दूरी, चर्चाओं का बाजार गर्म

बजट जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित इस पत्रकार वार्ता में संगठन के कई प्रमुख चेहरों की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही। पार्टी के कई जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति नदारद रही। मंचासीन अतिथियों में मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के साथ केवल भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर, महामंत्री धर्मेंद्र बजाज, संतोष सोनी, तपन डोंगरे, पूर्व महापौर सुभाष कोठारी और सुधांशु जैन सहित कुछेक नेता ही शामिल रहे।